तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 31 दिसम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 बलरामपुर सीमा पर स्थित दनगरी का प्राकृतिक जलप्रपात बना पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र



## खबर संक्षेप

### रेत लोड टीपर एवं इको कार में भिड़ंत, दो गंभीर

**अम्बिकापुर।** रविवार को एनएच 130 पर लखनपुर स्थित कुंवरपुर बांध के पास नहर मार्ग पर अवैध रेत लोड टीपर एवं इको कार के बीच भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में कार सवार दो लोगों को गंभीर चोटें आई है। दुर्घटना के बाद टीपर चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। रविवार को सुबह 7 बजे घने कोहरे के बीच नहर मार्ग से रेत लोड टीपर तेज रफ्तार से मुख्य मार्ग की ओर आ रहा था वहीं इको कार क्रमांक सीजी 17 एएक्स 3603 बस्ती की ओर जा रही थी। इस दौरान दोनों वाहनों में जबरदस्त टक्कर हो गई। दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं अनियंत्रित होकर टीपर खेत में उतर गया। दुर्घटना में इको कार सवार ग्राम बेलदगी निवासी पारस (22वर्ष) एवं उसके ससुर ग्राम बंधा निवासी भीखनाथ को हाथ, पैर सिर में गंभीर चोटें आई है। सूचना पर पहुंची 112 की टीम ने परिजन के साथ घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। दुर्घटना के बाद चालक टीपर छोड़कर फरार हो गया।

### बाइक की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** जीजा के साथ सड़क किनारे निर्माण कार्य देख रहे युवक को पीछे से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार गढ़वा जिले के नमना थाना अंतर्गत ग्राम सिलीदाग निवासी शिवम कुमार देव आ. संजय कुमार सिंह (20 वर्ष) गत दिन अपने ठेकेदार जीजा प्रेमजीत सिंह के साथ लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सलका, पलका में चल रहे पाइप लाइन विस्तार के काम को देखने गया था। सड़क के किनारे 4-5 लोग खड़े थे। इसी दौरान उदयपुर की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएम 4115 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी जिससे शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### मां ने लगाई फटकार तो किशोर ने लगा ली फांसी, मौत

**सोनगरा।** रिश्तेदार की कार को अकेले चलाने पर मां ने बेटे को फटकार लगाई तो किशोर ने कमरे में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शक्तिनगर निवासी रंजीत जायसवाल का 16 वर्षीय पुत्र जो कक्षा 11वीं का छात्र था। सोमवार को दिन 11 बजे अपने ही घर एक कमरे में रस्सी से फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किशोर के पिता बिलासपुर गए थे, जबकि घर में मां और छोटी बहन मौजूद थीं। सोमवार की सुबह रिश्तेदार कार से घर आए थे। लौटते समय सामान रखने के लिए किशोर को कार की चाबी दी। लेकिन वह कार को थोड़ी देर के लिए चलाने ले गया। वापस आने पर उसकी मां ने उसे समझाते हुए कहा कि वह अभी नाबालिग है और अकेले कार चलाना ठीक नहीं है तथा इस विषय में पिता को बताने की बात कही। इसी बात से किशोर मानसिक रूप से आहत हो गया। मां ने उसे नहाने भेजा और फिर नाश्ते के लिए बुलाया लेकिन वह नहीं आया। इसी दौरान किशोर ने कमरे को अंदर से बंद कर रस्सी से फांसी लगा ली। इधर घटना की जानकारी लगते ही मां और बेटी ने उसे फांसी से उतारा और पड़ोसियों की मदद से अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

### मां महामाया शक्कर कारखाना की क्षमता 25 हजार क्विंटल दैनिक

# गन्ने की आवक कम होने से शक्कर का उत्पादन प्रभावित, क्षमता के अनुसार नहीं चल रही फैक्ट्री



शक्कर कारखाना का खाली पड़ा गन्ना यार्ड।



गन्ना लोड ट्रैक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना में गन्ने की पेराई पिछले एक महीने से चल रही है लेकिन पर्याप्त गन्ना उपलब्ध नहीं होने के कारण कारखाना प्रबंधन को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्षमता के अनुसार गन्ना उपलब्ध नहीं होने पर शक्कर का उत्पादन प्रभावित होने की आशंका से न केवल कारखाना प्रबंधन बल्कि प्रशासन भी चिंतित है तथा गन्ना के अन्य उपयोग पर नजर रख रहा है।

**खास बात**

- लगातार कोशिशों के बाद पहुंच रहा 18-20 हजार क्विंटल गन्ना

सूरजपुर जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत केरता स्थित शक्कर कारखाना का संचालन 1 दिसम्बर से किया जा रहा है लेकिन आवश्यकता के अनुरूप गन्ना उपलब्ध नहीं होने के कारण पूरी क्षमता से कारखाना नहीं चल पा रहा है। शुरूआती दिनों में पर्याप्त गन्ना उपलब्ध नहीं होने के कारण बीच-बीच में कारखाना को बंद करने की नौबत आ जा रही थी। वहीं कई दिन कारखाना को 8-8 घंटे बंद करना पड़ा। कारखाना प्रबंधन एवं जिला प्रशासन की सख्ती के बाद गन्ने की आवक बढ़ी है लेकिन अभी भी कारखाना की क्षमता के अनुरूप गन्ना उपलब्ध नहीं हो रहा है। इसके पूर्व वर्षों में गन्ना की आवक इतनी अधिक होती थी फैक्ट्री के आसपास गन्ना लोड वाहनों की कतार लगी रहती थी किसानों को अपना गन्ना बेचने में 2-3 दिन का समय लग जाता था। गन्ना की आवक कम होने के पीछे बड़ी संख्या में अवैध गुड़ एवं खांडसारी उद्योगों के संचालन एवं दूसरे राज्यों में गन्ना के अवैध परिवहन को कारण माना जा रहा है। प्रशासन की अलग-अलग टीमों के साथ ही फैक्ट्री के अधिकारी-कर्मचारी गन्ना के अवैध परिवहन पर नजर रख रहे है। प्रशासन ने भी सूरजपुर जिले में संचालित सभी गुड़ एवं खाण्डसारी उद्योगों से निर्धारित प्रपत्र में 31 दिसम्बर तक जानकारी मांगी है। प्रपत्र में उद्यमियों से कारखाना, संचालक, कमर्शियल विद्युत कनेक्शन, श्रमिकों की सूची, वेतन, उनके बीमा, मंडी लाइसेंस, केंद्रीय जल बोर्ड की अनुमति आदि से संबंधित जानकारी मांगी गई है। प्रशासन नियम विरूद्ध संचालित गुड़ एवं खाण्डसारी उद्योगों पर कार्रवाई करने के मुड़ में है।

**घट गया 2100 हेक्टेयर रकबा**

इस बार गन्ना के रकबे में भारी कमी दर्ज की गई है। पिछले साल एकीकृत सरगुजा के तीनों जिले सूरजपुर, सरगुजा एवं बलरामपुर में 8900 हेक्टेयर में गन्ना की खेती की गई थी जो इस बार घटकर 6800 हेक्टेयर में सिमट गई है। अकेले प्रतापपुर तहसील में ही 1500 हेक्टेयर की कमी आई है। इसी तरह आसपास के अन्य क्षेत्रों में भी गन्ना का रकबा कम हुआ है। सरगुजा एवं बलरामपुर जिले में भी 100-200 हेक्टेयर रकबा कम हुआ है। गन्ना के उत्पादन क्षेत्र में कमी आने के पीछे किसान धान की फसल से अधिक आय होने, कारखाना का भुगतान विलम्ब से होने एवं बोनस राशि लगातार कम होने को कारण बता रहे हैं। किसानों का कहना है कि सब्जियों, सरसो एवं धान की खेती से कम अवधि में किसानों की आय में वृद्धि हुई है जिससे किसान दूसरी फसलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। शक्कर कारखाना द्वारा पूर्व में 362 रूपए क्विंटल गन्ना खरीदा जा रहा था जबकि अब 335 रूपए की दर से खरीदा जा रहा है। गन्ना बोनस राशि 93 रूपए से घटकर 39 रूपए क्विंटल पहुंच गई है जबकि फसल की लागत में लगातार वृद्धि हो रही है। गन्ना की खेती के प्रति आकर्षण बढ़ाने कृषकों ने बोनस राशि में वृद्धि करने की मांग की है।

**मार्च तक फैक्ट्री चलाने का लक्ष्य**

प्रबंधन ने मार्च महीने के अंत तक शक्कर कारखाना चलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है लेकिन इसके लिए पर्याप्त गन्ना की आवश्यकता है। फैक्ट्री की दैनिक क्षमता 25000 क्विंटल की है लेकिन अभी तक अधिकतम 22000 क्विंटल तक गन्ना उपलब्ध हुआ है। इस बार कारखाना का गन्ना यार्ड प्रारंभ से ही खाली है। रोज इतने ही गन्ने की आवक हो रही है जिससे फैक्ट्री चल रही है। यार्ड में रखने योग्य गन्ना नहीं पहुंच रहा है।

**की जा रही हर संभव पहल**

गन्ना की आवक बढ़ाने काखाना प्रबंधन के निर्देशन में हर संभव पहल की जा रही है। जिला प्रशासन भी अवैध गुड़ एवं खाण्डसारी उद्योगों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई कर रहा है।

**-प्रमोद कुमार चौहान**, गन्ना विकास अधिकारी मां महामाया शक्कर कारखाना

## मछली मारने गए ग्रामीण की तालाब में डूबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



निजी तालाब में मछली मारने गए 45 वर्षीय ग्रामीण की डूबने से मौत हो गई। मृतक को तैरना नहीं आता था और जिस दौरान यह घटना घटी उस दौरान तालाब के आसपास कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। इस घटना के बाद मृतक के घर में मातम छा गया है।

उक्त घटना सोमवार को दोपहर 2 बजे के आसपास की है। बताया जा रहा है कि 45 वर्षीय सुरेंद्र तिर्की आ नवल साय तिर्की निवासी भारतपुर लकरालता स्थिति अपने निजी तालाब में मछली मारने गया था। मछली मारने के दौरान उसका पैर फिसला और वो किनारे से फिसलकर गहरे पानी मे चला गया जिसकी वजह से ग्रामीण की तलब में डूबने से मौत हो गई। मृतक को तैरना नही आता था और जिस दौरान ये घटना घटी उस दौरान आसपास कोई भी नही था जो ग्रामीण को बचा सके। दिन ढलने के बाद ग्रामीण जब रात को घर नहीं पहुंचा तो घरवालों को इसकी चिंता सताने लगी लेकिन पहाड़ी इलाका होने की वजह से घरवाले रात को नही ढूंढने नहीं निकले। दूसरे दिन सुबह जब ढूंढते हुए घरवाले तालाब के पास पहुंचे तो उन्हें घटना स्थल पर ग्रामीण का चप्पल व झोला नजर आया जिसके बाद गांव के युवा तालाब में उतर कर उसकी तलाश करने लगे। काफी देर तक तलाशी अभियान चलाने के बाद तालाब की गहराई में ग्रामीण का शव मिला जिसे बाहर निकालने के बाद पुलिस को इस घटना से अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल भिजवा दिया है। समय ज्यादा होने के कारण हॉस्पिटल में शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था।

अगले दिन शव का पोस्टमार्टम कर उसे परिजनों को सौंपा जाएगा। इस घटना के बाद मृतक के घर मे मातम छा गया है।

## छात्र की पिटाई करने वाला संविदा शिक्षक सेवा से पृथक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छात्र की पिटाई करने के साथ ही मनमानी काम करने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम मिडिल स्कूल, रघुनाथ नगर से संविदा शिक्षक को सेवा से पृथक कर दिया है।

संविदा शिक्षक पीयुष वर्मा द्वारा छात्र की पिटाई करने के मामले की जांच विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से जांच कराई गई तो शिकायत सही पाई गई। जांच में संविदा शिक्षक पीयूष वर्मा द्वारा बिना सूचना अवकाश पर रहने सिलेबस अनुसार पढ़ाई नहीं कराने, दैनंदिनी पंजी का संधारण नहीं करने, अभद्र व्यवहार करने पर प्राचार्य द्वारा नोटिस भी जारी की गई है। बीईओ प्रतिवेदन पर डीईओ ने संविदा शिक्षक को सेवा से पृथक कर दिया है।

## दहेजवार जंगल से अवैध मुरूम उत्खनन एवं परिवहन कर रहे पोकलेन सहित 2 हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



वन परिक्षेत्र बलरामपुर अंतर्गत दहेजवार जंगल से अवैध मुरूम उत्खनन एवं परिवहन करने के मामले में वन अधिकारियों ने एक पोकलेन मशीन सहित अवैध मुरूम लोड दो हाइवा जब्त किया है। वन क्षेत्र से अवैध मुरूम उत्खनन करने के मामले में लाखों का जुर्माना वसूलने की तैयारी कर रहे हैं।

- एनएच 343 के निर्माण में किया जा रहा था अवैध मुरूम का उपयोग

बलरामपुर जिला में ठेकेदार द्वारा जर्जर एनएच क्रमांक 343 का चौड़ीकरण किया जा रहा है। जिसके तहत पुरानी सड़क को उखाड़कर निर्धारित मानकों के अनुसार नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढों को पत्थर व मुरूम से भरा जा रहा है। एनएच निर्माण के लिए ठेकेदार सड़क किनारे दहेजवार जंगल से मुरूम का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करा रहा था। मुरूम उत्खनन के लिए जंगल में वाहनों के आवागमन का अस्थाई रास्ता बनाया गया था मुरूम उत्खनन के लिए पोकलेन मशीन लगाई गई थी। बताया जा रहा है तीन दिन पूर्व ही ठेकेदार द्वारा पोकलेन की मदद से अवैध उत्खनन एवं परिवहन प्रारम्भ किया गया था। रविवार को मार्ग से गुजरने के दौरान एक वनकर्मी की वनभूमि से पोकलेन द्वारा किए जा रहे अवैध उत्खनन पर नजर पड़ी तो उसने तत्काल स्थिति से वन परिक्षेत्र अधिकारियों को अवगत कराया। सूचना पर वन परिक्षेत्राधिकारी निखिल सक्सेना वन अमले के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि पोकलेन द्वारा दो हाइवा में मुरूम लोड किया गया था। मुरूम उत्खनन के लिए ठेकेदार द्वारा न तो विभाग की अनुमति ली गई थी न ही मुरूम परिवहन के संबंध में ही कोई दस्तावेज हासिल किया गया था। वन परिक्षेत्राधिकारी ने मुरूम उत्खनन एवं परिवहन के संबंध में आवश्यक दस्तावेजों की मांग की तो चालक कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके।

वनभूमि से अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामले में परिक्षेत्राधिकारी ने पोकलेन सहित मुरूम लोड दो पिकअप को जब्त किया है। घटनास्थल की जांच में दहेजवार जंगल के कंपार्टमेंट क्रमांक पी 37,92 में वन क्षेत्र में 6600 घनमीटर क्षेत्र अवैध उत्खनन पाया गया है। मामले में ठेकेदार से 3 लाख रूपए दण्ड वसूलने की प्रक्रिया की जा रही है। जांच में वाहनों द्वारा रायल्टी भुगतान किए बिना मुरूम परिवहन करने की पुष्टि हुई है।

## रेबीज संक्रमित कुत्ते के काटने से बीमार बकरे की दे दी बली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर से लगे सरगवां में रेबीज संक्रमित कुत्ते द्वारा काटे गए बकरे की बली देने और उस बकरे का मांस प्रसाद के रूप में ग्रामीणों को खिलाने का मामला सामने आया है। निकाली पूजा के दौरान दी गई बली का मांस लगभग 400 लोगों ने खाया है।

अब रेबीज से संक्रमित बकरे का मांस खाने वाले ग्रामीणों को भी रेबीज का डर सता रहा है। हालांकि पशु चिकित्सकों का कहना है कि मांस के पकने के बाद संक्रमण का खतरा नहीं रहा लेकिन फिर भी एहतियातन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैंप लगाया जाएगा। बताया जा रहा है कि शहर से लगे सरगवां में प्रत्येक तीन वर्ष में निकाली पूजा का आयोजन किया जाता है। 28 दिसम्बर को ग्रामीणों द्वारा निकाली पूजा का आयोजन किया गया था। इस दौरान विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद 12 से 15 बकरों की बली दी गई। बकरों की बली देने के बाद पके हुए मांस का बंटवारा लगभग 400 ग्रामीणों के बीच किया गया। बड़ी बात यह है कि मांस को सिर्फ गांव के पुरुषों ने ही खाया। अब बाद में ग्रामीणों को यह बात पता चली कि जिन बकरों की बलि दी गई थी उनमें से एक बकरा बीमार था। उस बकरे को रेबीज से संक्रमित कुत्ते ने काट लिया था। पागल कुत्ते से बकरा भी रेबीज की चपेट में आ गया था। इसी दौरान बकरा मालिक नान्हू राजवाड़े ने बकरा बेच दिया। अब रेबीज संक्रमित बकरा खाने से पुरुषों में डर का माहौल है। ग्रामीणों को अब रेबीज संक्रमण का ख़तरा सता रहा है और उन्होंने गांव में सवास्थ्य कैंप लगाकर जांच कराने की मांग की है।

- गांव के 4 सौ लोगों ने खाया प्रसाद, खुलासे के बाद सता रहा संक्रमण का डर

इधर इस मामले में पशु चिकित्सक डॉ. चंदू मिश्रा ने बताया कि रेबीज आमतौर पर संक्रमित जानवर की लार के संपर्क में आने या काटने से फैलता है। बकरे को भले ही रेबीज संक्रमित कुत्ते ने काटा हो, लेकिन यदि उसका मांस अच्छी तरह पकाया गया है, तो संक्रमण की संभावना न के बराबर होती है। उन्होंने कहा कि उच्च तापमान पर पकाने से रेबीज वायरस जीवित नहीं रहता फिर भी एहतियात के तौर पर स्वास्थ्य जांच जरूरी है। वहीं सीएमएचओ पीएस मार्को ने बताया कि इस संबंध में सरपंच, उप सरपंच व ग्रामीणों से चर्चा की गई है और 31 दिसम्बर को गांव में जांच कैंप लगवाया जाएगा।

## मंगलवार बना सीजन का सबसे ठंडा दिन, पारा पहुंचा 3.5 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उत्तर भारत में पछुआ विक्षोभों की लगातार सक्रियता के बावजूद पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रवाह में कोई अंतर नहीं आया है। सोमवार को पूरे दिन पश्चिमोत्तर की सर्द हवाएं पहुंचने से पारा में तेज गिरावट दर्ज की गई है वहीं मंगलवार का दिन सीजन का सबसे ठंडा दिन बन गया है।

उत्तर भारत में पूर्व में सक्रिय पछुआ विक्षोभ कमजोर पड़ने के बाद सरगुजा के आसमान के ऊपरी सतह से आगे निकल रहा है वहीं मंगलवार को उत्तर भारत में एक नया विक्षोभ सक्रिय हुआ है। मौसम विभाग द्वारा विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत के राज्यों में बर्फबारी एवं बेमौसम बारिश की संभावना व्यक्त की गई। फिलहाल किसी विक्षोभ के सक्रिय होने की सूचना नहीं है। ऐसे में विक्षोभ के प्रभाव से पारा में वृद्धि दर्ज की गई है। सोमवार को मैनपाट का पारा 2.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो मंगलवार को बढ़कर 5 डिग्री पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि विक्षोभ के प्रभाव से बुधवार से पारा में आंशिक वृद्धि होने की संभावना है। उत्तर भारत में बर्फबारी एवं वर्षा होने की स्थिति में विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है।

- लगातार पहुंच रही उत्तर की बर्फीली हवाएं

### सर्राफा कारोबारी से की थी लूट की नाकाम कोशिश, भागते समय हुआ था घायल, व्यवसायी ने लगाए गंभीर आरोप

# लूट का प्रयास करते घायल हुआ नट गिरोह का सदस्य अस्पताल से लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर के सर्राफा व्यवसायी से लूट की कोशिश में नाकाम होने के बाद भागने के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल नट गिरोह का युवक उपचार के दौरान हॉस्पिटल से लापता हो गया। लूट की घटना को अंजाम देने आए नट गिरोह का युवक नाकाम होने के बाद अपने साथी के साथ बाइक से भागते समय घायल हो गया था। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन देर रात हॉस्पिटल से रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। घटना के बाद सर्राफा व्यवसायी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए है।

विदित हो कि बीते मंगलवार को नगर के सर्राफा व्यवसायी ब्रम्हदेव सोनी के यहां लूट की नीयत से नट गिरोह के युवकों ने टीम बनाकर दो बार लूट की घटना को अंजाम देने की।पहली घटना शाम साढ़े सात बजे की है जब उनकी पत्नी अपने दुकान के कर्मचारी के साथ घर जा रही थी तब घात लगाए दो नकाबपोश युवकों ने लूट की नीयत से उनका रास्ता रोकने की कोशिश की पर उनकी सजगता से वो कामयाब नहीं हो पाए। इस बात की जानकारी मिलने के बाद घर पहुंचे ब्रम्हदेव सोनी को देख दोनों बाइक सवार नकाबपोश युवक मौके से भाग निकले। इस घटना से डरे सहमे ब्रम्हदेव सोनी अपने बड़े भाई इंद्रदेव सोनी के साथ घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे अभी उनकी रिपोर्ट दर्ज भी नही हुई थी कि ठीक आधे घंटे बाद अपने कार से घर जा रहे ब्रम्हदेव सोनी की भाभी एवं भतीजे को यही घटना घटित हो गई। इस बार दूसरी बाइक में सवार नट गिरोह के दो अन्य नकाबपोश युवकों ने कार रोककर लूटपाट की घटना को अंजाम देना चाहा पर इस बार भी वो सफल नही हुए। लूट की घटना में नाकाम होने के बाद मौके से भाग रहे बाइक सवार नकाबपोश युवकों के पीछे ब्रम्हदेव सोनी के भतीजे ने अपनी कार लगा दी और उनका पीछा करने लगा।पीछा करने के दौरान दोनों नकाबपोश बाइक सवार की तेज रफ्तार बाइक चलता खड़गाँव मार्ग पर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में बाइक में पीछे बैठे युवक का पैर टूट गया और बाइक चला रहा युवक घायल हो गया लेकिन पकड़े जाने के भय से बाइक चला रहे युवक ने अपने घायल साथी को मौके पर छोड़कर भाग निकला। इस घटना के बाद 112 के सहयोग से घायल युवक को उपचार के लिए पुलिस हॉस्पिटल लेकर पहुंची जहां पुलिस की मौजूदगी में घायल युवक संजय नट निवासी कणराजा विजयनगर जिला रायगढ़ का प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद पैर टूटने की वजह से उसे मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर कर दिया गया इसके लिए एम्बुलेंस सेवा 108 को भी बुलवा लिया गया था ताकि मरीज को मेडिकल कॉलेज भेजा जा सके। इसी बीच घायल युवक की पत्नी एवं उसके घरवाले हॉस्पिटल पहुँच गए और घायल युवक को 108 की बजाए निजी वाहन से लेकर लापता हो गए। देर तक निजी वाहन से घरवाले युवक को लेकर कहा गए इस बारे न पुलिस को पता है और न कोई जवाब उनके पास है। पुलिस अब भागने के दौरान घायल नट गिरोह के युवक की तलाश कर रही है। इस बात की जानकारी जब दहशत में जी रहे पीड़ति सर्राफा व्यवसायी परिवार को लगी तो सहम गए। उन्होंने इस संबंध में पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए नट गिरोह के घायल युवक को गिरफ्तार करने की मांग की है।ताकि इस मामले में शामिल नट गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी हो सके।

इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि पुलिस नट गिरोह के घायल युवक की सुराग लगा चुकी है। जल्द ही इस मामले में शामिल नट गिरोह के घायल युवक समेत अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### जिले में रोजगार शिविर का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में एसआईएस इंडिया लिमिटेड अनूपपुर मध्यप्रदेश द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक के सहयोग से सभी पुलिस स्टेशन क्षेत्रों में सुरक्षा कर्मियों, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं भर्ती अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी के लिए रोजगार शिविर सह रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा कार्यों के लिए आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत 65 वर्षों तक के लिए स्थाई रोजगार प्रदान करने के लिए यह रोजगार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह रोजगार शिविर कैंप 2 जनवरी को थाना क्षेत्र जनकपुर, 3 जनवरी को थाना क्षेत्र झागराखाड़, 5 जनवरी को थाना क्षेत्र खोंगापानी, 6 जनवरी को थाना क्षेत्र खड़गवां, 7 जनवरी को थाना क्षेत्र कोटाडोल, 8 जनवरी को थाना क्षेत्र कुंवारपुर तथा 10 जनवरी को थाना क्षेत्र मनेन्द्रगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

### अब तक 880992.13 क्विंटल धान की खरीदी

**अनूपपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते ने बताया कि अनूपपुर जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। पंजीकृत किसानों से सामान्य औसत किस्म का धान 2369 रूपए तथा ग्रेड ए का धान 2389 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। जिले में अब तक 16830 किसानों से 880992.13 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

### जनदर्शन में 27 आवेदन हुए प्राप्त

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में 30 दिसंबर को कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए।

### पशुपालकों को कर रहे जागरूक

**अनूपपुर।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन में सतत वृद्धि एवं पशुपालकों की आय में सुधार एवं पशुओं में दुग्ध उत्पादन को दुगना करने के उद्देश्य से संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ.बीबी चौधरी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले की विभिन्न दुग्ध समितियों एवं ग्रामों में पशुपालकों से गृह भेंट कर पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं पशु नस्ल सुधार जैसे महत्वपूर्ण घटकों पर जागरूकता बढ़ाया जा रहा है। जिले को प्राप्त लक्षित ग्राम 539 एवं लक्षित पशुपालक 4608 हैं। अभी तक सर्वे पूर्ण पशुपालक 4569 99.15 प्रतिशत हैं।

### वीर बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम


**बैकुण्ठपुर।** 26 दिसंबर को हिंदु, सिख एवं सिंधी समाज द्वारा भारत देश के वीर सपूत जिन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दिया, लेकिन प्रलोभन और गुलामी स्वीकार नहीं की साथ ही धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए कार्य किया, ऐसे वीर बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह की याद में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैकुंठपुर फब्वारा चौक से सांस्कृतिक भवन तक रैली निकाली गई, जिसमें बच्चों को प्रदर्शनी एवं वीर बालकों के ऊपर विडियो के माध्यम से वीर बालकों के साहस, बलिदान व आदर्शों का संदेश जन-जन तक पहुंचा गया।

नए वर्ष के जश्न में डूबेंगे जिलेवासी, मध्यरात्रि होंगे कई कार्यक्रम

# आज और कल पिकनिक स्पॉट रहेंगे गुलजार



झुमका जलाशय।


गौरघाट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

साल 2025 की विदाई और नया साल 2026 के स्वागत को लेकर आज रात्रि में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित कोरिया और एमसीबी जिले में उमंग व उत्साह भरा हुआ है। लोगों द्वारा पुराने साल की विदाई एवं नए साल के स्वागत के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। उमंग उत्साह के इस मौके पर शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर पुलिस का पहरा रहेगा।

31 दिसंबर साल 2025 का अंतिम दिन है और मध्य रात्रि के बाद नया साल की शुरूआत होगी। प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष नए साल के जश्न की तैयारियां लोगों द्वारा की गई है। पुराने साल की विदाई के साथ नए साल के शुभारंभ का स्वागत करने के लिए कई तरह के आयोजन कई जगहों पर किए गए हैं। शहर के एक बडे हॉटल में धूम धड़ाका कार्यक्रम आयोजित किया गया है, इसके अलावा युवाओं के द्वारा जगह-जगह नए वर्ष की तैयारी की गई है। 31 दिसंबर की रात्रि में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहत जिले के कई स्थानों पर नए साल के स्वागत के लिए जश्न की तैयारी की गई है, ऐसे अवसर पर कई लोगों के द्वारा शराब सेवन कर हुड़दंगी की जाती है, ऐसे लोगों पर पुलिस का पहरा रहेगा। पुराने साल की विदाई के साथ नए साल का स्वागत को लेकर जहां लोगों द्वारा तयारियां की गई है, वहीं दूसरी ओर पुलिस भी शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए अपनी तैयारी में है, किसी भी तरह के हुड़दंगियों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

### बाजार में केक की डिमांड बढ़ी

साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर की मध्य रात्रि में नए वर्ष का आगमन होने के साथ ही लोगों के द्वारा अपने-अपने तरीके से स्वागत की तैयारी करते हैं। इस अवसर पर कई लोगों के द्वारा मध्य रात्रि में केक काटकर नए साल का स्वागत करते हैं। यही कारण है कि साल के अंतिम दिन के लिए बाजार में केक की डिमांड बड़ गई, जिसकी एडवांस आर्डर दिए गए।

### मध्य रात्रि से बधाई का सिलसिला

पुराने साल की विदाई के साथ नए साल 2026 शुरू होगा। आज मध्य रात्रि में जैसे ही घड़ी की सुई 12 बजे को छुएगा, वैसे ही नए वर्ष का बधाई देने का सिलसिला मोबाइल से शुरू हो जाएगा, जो अगले दिन 1 जनवरी को दिन भर चलेगा। अब समय के साथ ग्रीटिंग्स कार्ड का दौर बीत गए, ऐसे में मोबाइल के माध्यम से ही अपनों एवं शुभचिंतकों को बधाई मोबाइल के माध्यम से ही देते हैं।

### कल पर्यटन स्थलों पर रहेगी भीड़

चालू वर्ष का अंतिम दिन को आज की रात्रि विदाई देने के साथ नए साल का जमकर जश्न मनाकर स्वागत किया जाएगा, वहीं नए साल 2026 के पहले दिन कल 1 जनवरी को जिले के पर्यटन स्थलों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। प्रतिवर्ष नए वर्ष के पहले दिन को यादगार दिन बनाने के लिए नए वर्ष के पहले दिन पिकनिक स्थलों एवं प्रमुख पर्यटन केन्द्रों में सैलानियों की जमकर भीड़ एकत्र होती है।

# आज मनेन्द्रगढ़ में लगेगा बहरूपियों का मेला


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

विदा ले रहे वर्ष को यादगार बनाने और नववर्ष के स्वागत को सांस्कृतिक उल्लास से भरने के उद्देश्य से मनेन्द्रगढ़ में बहुरूपिया महोत्सव का भव्य आयोजन 31 दिसंबर को किया जा रहा है। इस रंगारंग आयोजन का संयोजन सांस्कृतिक मंच मनेन्द्रगढ़ द्वारा किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दराज से आए कलाकार अपनी अनोखी कला और पारंपरिक वेशभूषा से दर्शकों का मन मोहेंगे।

खास बात यह है कि इस महोत्सव में प्रतिभागियों के लिए लाखों रूपए के आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं, जिससे कलाकारों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। बहरूपिया महोत्सव भारतीय लोक संस्कृति की एक जीवंत परंपरा है, जिसमें कलाकार विभिन्न ऐतिहासिक, पौराणिक, सामाजिक और समसामयिक पात्रों का सजीव रूप धारण कर अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। इस आयोजन के माध्यम से न केवल लोककलाओं को मंच मिलेगा, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का भी प्रयास किया जाएगा। कलाकार अपने अभिनय, हाव-भाव, संवाद शैली और वेशभूषा के माध्यम से दर्शकों को हंसाने, सोचने और भाव-विभोर करने का कार्य करेंगे। सांस्कृतिक मंच मनेन्द्रगढ़ के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन वर्ष के अंतिम दिन को यादगार बनाने की एक अनूठी पहल है। पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता और दर्शकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। मंच, प्रकाश व्यवस्था और ध्वनि प्रणाली को आकर्षक एवं व्यवस्थित रूप दिया गया है, ताकि कलाकारों की प्रस्तुति प्रभावशाली ढंग से लोगों तक पहुंच सके। महोत्सव में भाग लेने वाले बहुरूपिया कलाकारों का मूल्यांकन अनुभवी निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। प्रस्तुति की मौलिकता, चरित्र की जीवंतता, अभिनय कौशल और दर्शकों से संवाद के आधार पर विजेताओं का चयन किया जाएगा। प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के साथ-साथ कई विशेष पुरस्कार भी निर्धारित किए गए हैं, जिनकी कुल राशि लाखों रूपए बताई जा रही है, इससे कलाकारों का मनोबल बढ़ेगा और भविष्य में ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनी रहेगी।

# शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले तीन कर्मी सस्पेंड

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के आदेशानुसार शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामलों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने एक के बाद एक सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की है।

कलेक्टर के निर्देश पर तीन शासकीय कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है, जिससे स्पष्ट संदेश दिया गया है कि शासकीय कार्यों में व्यवधान किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा, विकासखंड मनेन्द्रगढ़ में पदस्थ व्यायाम शिक्षक गोपाल सिंह द्वारा 30 दिसंबर को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यरत लिपिकों को शासकीय कार्य करने से रोका गया तथा कार्यालयीन कार्यों में बाधा उत्पन्न की गई। इस कृत्य को छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-03 का उल्लंघन मानते हुए कलेक्टर के आदेशानुसार उन्हें छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-09 के तहत निलंबित किया गया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश पहुंचे बैकुंठपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 30 दिसंबर को बैकुंठपुर आगमन पर कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा उनका आत्मीय एवं जोशिला स्वागत किया।

इस दौरान कुमार चौक पर पूर्व सीएम श्री बघेल ने कोरिया कुमार डॉ. रामचंद्र सिंहदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके योगदान को नमन किया। वहीं यहां कांग्रेसियों ने पूर्व सीएम का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, अशोक जायसवाल, मुख्तार अहमद, गणेश राजवाड़े, आशीष यादव, श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह, श्रीमती लालमुनी यादव, नजीर अजहर, श्रीमती संगीता राजवाड़े, प्रेमसागर तिवारी, रकिबा बेगम, वेदांति तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, दीपक गुप्ता, प्रशांत सिंह, अंकित गुप्ता, अर्पित गुप्ता, सौरभ गुप्ता, सुमन दुबे, रियाजुद्दीन, सिकंदर खान सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# वरिष्ठजन का साथी एल्डर लाइन हेल्पलाइन

**अनूपपुर।** वरिष्ठजन के लिए टोल फ्री एल्डर लाइन (हेल्पलाइन-14567) वरिष्ठजन के सुख-दुख की साथी है। इनमें विभिन्न समस्याओं पर सुझाव, भावनात्मक सहयोग, काउंसलिंग की गई है। वरिष्ठ नागरिकों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई है। यह केन्द्र सरकार की योजना, मध्यप्रदेश में संचालित की जा रही है। एल्डर लाइन नंबर 14567 हेल्प एज इंडिया द्वारा संचालित है। प्रदेश में नेशनल हेल्प लाइन द्वारा वरिष्ठजन से संबंधित जानकारी, सुझाव, भावनात्मक सहयोग, दुर्घटना, दुर्व्यवहार से बचाव के लिए जानकारी प्रदान की जाती है। यह सेवा वरिष्ठजन की सहायता के लिए प्रातः 8 से सायं 8 बजे तक उपलब्ध है।




# मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा प्रांतीय आह्वान पर हड़ताल द्वितीय दिवस जारी रहा।

मशाल रैली प्रेमाबाग प्रांगण से प्रारंभ होकर , कुमार चौक, एसडीएम आफिस से होते हुए वापस प्रेमाबाग पहुंची, जिसमे पटवारी संघ, राजस्व निरीक्षक संघ, वन विभाग संघ, पंचायत सचिव संघ, शिक्षक फेडरेशन, लिपिक संघ,चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ,कोषालय संघ, खाद्य संघ, वाहन चालक संघ, श्रम विभाग संघ, अभियंता संघ, राजपत्रित अधिकारी संघ, पशु चिकित्सा विभाग, पीएचई संघ समेत 65 विभागों के




कर्मचारी अधिकारी एक जुट होकर प्रेमाबाग में आंदोलनरत हैं। प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह , जिला संयोजक आरएस चंदे, महासचिव विश्वास भगत ने कहा कि आज कर्मचारी कार्यालय छोड़कर मशाल उठाकर चौक-चौराहों पर आने को मजबूर हैं।

### हड़ताल से वेतन भुगतान में होगा विलंब

छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर कोषालय कर्मचारियों के तीन दिवसीय हड़ताल में शामिल होने के कारण इस माह कर्मचारियों को वेतन मिलने में विलंब हो सकता है। जिले के कोषालय कार्यालयों में कार्य ठप रहने से बिलों के निस्तारण और भुगतान प्रक्रिया प्रभावित हुई है। फेडरेशन के नेतृत्व में कोषालय कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल का समर्थन किया है। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से लंबित मांगों पर शासन द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे मजबूर होकर उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। हड़ताल के चलते शासकीय विभागों में वेतन, पेंशन एवं अन्य वित्तीय कार्य प्रभावित हुए हैं। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। वहीं आम कर्मचारियों में वेतन विलंब को लेकर चिंता देखी जा रही है।

# धूप में कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने वर्ष 2025 के अंतिम साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट परिसर के खुले आसमान के नीचे, मीठी धूप में आमजन की समस्याएं सुनीं। बैकुंठपुर, पटना, सोनहत एवं पोड़ी-बचरा से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिन्हें कलेक्टर ने गंभीरता से पढ़ते हुए त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि आज वर्ष 2025 का अंतिम जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आम नागरिकों की समस्याएं न केवल सुनीं और समाधान के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी केवल आवेदनों को प्राप्त करना नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध और नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करना है।

**राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़, बिलासपुर**
**नोटिस**

क्रमांक 270 / वाचक/अ-2/रा.मं./2025/ बिलासपुर दिनांक 26/12/2026
रा.पु.प्र.क्र. आर.एन./16/आर/अ-6/40/2025
पेशी दिनांक 04/02/2026

दुर्जय प्रताप वगैरह - पुनरीक्षणकर्तागण
विरूद्ध
रामजी प्रसाद गुप्ता वगैरह -अनावेदकगण

प्रति,
1. श्रीमती पूर्णिमा सोनी पत्नी बटुलाल सोनी
2. श्रीमती रेखारानी दास पत्नी आर.के. दास
3. श्रीमती आशा, रूपेश, नंदनी, विलसन पत्नी सी.ए. विलसन
4. सर्वानन्द दुबे आ. स्व. राम इकबाल दुबे
5. सीताराम कठघर (C/O) नीरज कठघर

सभी निवासी ग्राम सत्तीपारा, अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

पुनरीक्षणकर्तागण दुर्जय प्रताप सिंह आ. स्व. महामाया प्रताप सिंह वगैरह, द्वारा आम मुख्त्यार अश्विनी कुमार सिंह आ. स्व. रामसहाय सिंह, निवासी ग्राम/नगर महामाया रोड, अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा आयुक्त सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर के रा.पुन.प्र.क्र. 2017,0296,0100,014 /अ-6/2022-23 में पारित आदेश दिनांक 04/01/2024 के विरूद्ध छ.ग. भू-राजस्व सहिता 1959 की धारा 50 के तहत् इस न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत की है। जिसकी सुनवाई दिनांक 04/02/2026 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में नियत है। अतः इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता, जो मामले की पूर्ण जानकारी रखते हों, के माध्यम से पेशी तारीख 04/02/2026 दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यदि उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्य दिवस पर इस न्यायालय में उपस्थित होवें।

दिनांक 26/12/2025
(माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आदेशित)

**प्र.अधीक्षक**
**राजस्व मुण्डल छत्तीसगढ**
**बिलासपुर**
























# यादें 2025

16 दिसम्बर 2025



## तरंगित फंदे से बाघ का शिकार

सूरजपुर जिले के वन परिक्षेत्र घुई अंतर्गत रेवटी जंगल में शिकार के लिए लगाए गए हाई वोल्टेज करेंट की चपेट में आकर बाघ की मौत हो गई। बाघ का शव घटना के चार-पांच दिनों बाद ग्रामीणों ने देखा और वन विभाग को सूचना दी। बाघ की मौत से प्रदेशभर में हड़कंप मच गया। अवैध शिकार में बाघ के आठ नाखून, चार दांत गायब कर दिए गए। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त महिला सरपंच सहित 8 लोगों को गिरफ्तार किया था। अब तक दो नाखून, बाघ के मूंछ व शरीर के जले हुए बाल बरामद किए। इस घटना बाघों के संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे अभियान पर सवालिया निशान लगा दिया है। हालांकि अभी भी अधिकारी मामले की जांच करने की बात कर रहे है लेकिन अब तक शेष दांत और नाखून बरामद नहीं हो पाए है।



1 नवम्बर 2025

## रेडियोथेरेपी विभाग खोलने की अनुमति

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आने वाले समय में कैंसर के मरीजों को कीमोथेरेपी की सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है। ऐसा इसलिए क्यों कि राज्य शासन द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में रेडियोथेरेपी विभाग के लिए अनुमति प्रदान कर दी गई है। इस अनुमति के बाद अब मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रोफेसर से लेकर जूनीयर रेसीडेंट के कुल 7 पदों पर भर्ती के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। हालांकि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के लिए फैकल्टी की नियुक्ति सबसे बड़ी चुनौती है लेकिन फिर भी आने वाले समय में कीमोथेरेपी की सुविधा तो उपलब्ध होने की संभावना है। बड़ी बात यह है कि सितंबर 2022 से सितंबर 2025 के मध्य नवापारा सीएचसी में 4 हजार 756 लोगों की स्क्रीनिंग की गई इसमें से 2 हजार 754 लोगों का उपचार चल रहा है और उन्हें कीमोथेरेपी दी जा रही थी।

3 सितम्बर 2025

## टूटे बांध ने मचाई तबाही

2 सितम्बर की रात बलरामपुर जिले में हुई मूसलाधार बारिश ने जमकर कहर बरपाया। इस दौरान तातापानी से लगे ग्राम बिश्रामनगर में आफत की बारिश के कारण धनेशपुर में स्थित चार दशक पुराना लुत्ती बांध टूट गया। बांध टूटने के साथ ही पानी सैलाब बनकर निकला और जमकर तबाही मचाई। बाढ़ की शक्ल में निकले बांध के पानी ने रास्ते में पड़ने वाले घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दो घर पूरी तरह से बह गए जबकि कुछ अन्य घरों को भी नुकसान हुआ। इस प्राकृतिक आपदा में कुल 11 लोग बह गए जिसमें से 7 लोगों की मौत हो गई है जबकि चार लोग घायल हुए। हादसे में मरने वालों में से ज्यदातर महिलाएं और बच्चे थे। पानी में बहे महिलाओं बच्चों को खोजने के लिए एसडीआरएफ, होमगार्ड के साथ ही एनडीआरएफ की टीम ने कई दिनों तक रेस्क्यू अभियान चलाया।



22 मार्च 2025

## शुभम ने एसएससी सीजीएल में हासिल किया पहला रैंक

शहर के कुंडला सिटी निवासी शुभम अग्रवाल ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में सफलता हासिल की है। शुभम स्टाफ सिलेक्शन कमीशन कंबाइंड ग्रेजुएट लेबल परीक्षा 2024-25 में शामिल हुए थे। परीक्षा में शुभम ने 383 अंकों के साथ देश में प्रथम रैंक हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रौशन किया है। परीक्षा में सफलता के बाद शुभम का चयन विदेश मंत्रालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के रुप में हुआ। बड़ी बात यह है कि इससे पहले छत्तीसगढ़ से किसी भी छात्र ने एसएससी जैसी परीक्षा में देश में टॉप नहीं किया था लेकिन इस बार सरगुजा के युवा ने इस सपने को भी सच कर दिया है।

2 अक्टूबर 2025

## युवती को चाकू से गोदा

सिरफिरे आशिक ने दिनदहाड़े युवती की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पेट्रोल पंप में काम करने वाली युवती पर आरोपी ने चाकू से हमला किया और जब उसने बचने का प्रयास किया तो पूरे परिसर में दौड़ा कर बेरहमी से मारा। इस हमले में युवती बेहोश होकर गिर गई। खून से लथपथ युवती को उपचार के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। इधर वारदात को अंजाम देकर भाग रहे युवक को स्थानीय लोगों ने साहस का परिचय देते हुए पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। मृतिका की पहचान बलरामपुर जिले के चांदो थाना अंतर्गत शाहपुर मगाजी निवासी 28 वर्षीया विद्यावती उर्फ भारती टोप्पो आ. हीरालाल टोप्पो के रूप में की गई जो किराए के मकान में रहकर रिंग रोड काली मंदिर के समीप स्थित श्रीकृपा फ्यूल्स में काम करती थी।



9 नवम्बर 2025

## फिर से हुई कस्टोडियल डेथ

बलरामपुर जिला मुख्यालय में 30 व 31 अक्टूबर की दरमियानी रात धनंजय ज्वेलर्स में अज्ञात लोगों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोर दुकान से 50 लाख रुपए से अधिक की चोरी कर भागे थे। इसी चोरी के मामले में पुलिस ने बादी गिरोह के 4 आरोपियों के साथ ही कुल आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि इनमें से एक आरोपी 19 वर्षीय उमेश सिंह की पुलिस हिरासत में 9 नवम्बर की सुबह मौत हो गई थी। इस मामले में न्यायिक जांच चल रही है। इस दौरान परिजन ने कार्रवाई और मुआवजा की मांग को लेकर शव लेने और अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। एक सप्ताह तक चले मान मनौउवल के बाद मृतक का अंतिम संस्कार हो पाया।

20 नवम्बर 2025




## सरगुजा पहुंची देश की राष्ट्रपति

जनजातीय गौरव दिवस पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे कार्यक्रम का समापन सरगुजा में किया गया। खास बात रही की सरगुजा में आयोजित इस कार्यक्रम में देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू शामिल हुई। सरगुजा के इतिहास में यह दूसरा मौका था जब यहां किसी राष्ट्रपति के कदम पड़े। इसके पूर्व देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अविभावित सरगुजा के पंडोनगर आए थे। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू इस दौरान शहर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के समारोह में शामिल हुई और देश को संबोधित किया।

17 जुलाई 2025



## स्वच्छता में हासिल किया सम्मान

देशभर में चलाए गए स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम अंबिकापुर ने एक बार फिर से सफलता हासिल की है। नगर निगम ने कमियों को दूर करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में 85 प्रतिशत अंकों के साथ सुपर स्वच्छ लीग में अपनी जगह बनाई। इसके साथ ही नगर निगम को अपनी फाइव स्टार रेटिंग भी वापस मिली। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह के दौरान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों निगम को सुपर स्वच्छ लीग के लिए सम्मानित किया गया। यह अवार्ड नगर निगम की ओर से प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत और ननि आयुक्त डीएन कश्यप ने हासिल किया।



6 नवंबर 2025

## अधिवक्ताओं ने किया काम ठप

जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का निर्माण मौजूदा परिसर में ही कराने को लेकर अधिवक्ता संघ ने इस साल बड़ा आंदोलन किया। संघ ने भवन के विस्थापन पर रोक लगाने की मांग को लेकर 6 नवंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन किया। इस आन्दोलन से सरगुजा में पहली बार न्यायालयीन कामकाज ठप रहा। एक सप्ताह तक चले आन्दोलन के बाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष से बात की और आश्वासन दिया जिसके बाद संघ ने अपनी हड़ताल स्थगित की। हड़ताल समाप्त होने के बाद न्यायालय में काम काज शुरू हो सका।



15 फरवरी 2025


## महिला महापौर ने संभाली कमान

नगरीय निकाय चुनाव के परिणामों की घोषणा हुई। वर्ष 2004 में नगर निगम की स्थापना के बाद पहली बार नगर निगम में महिला महापौर के रूप में श्रीमती मंजूषा भगत कुर्सी पर बैठी। इस बार चुनाव में नगर निगम में भाजपा के दस वर्षों का वनवास भी खत्म हुआ। चुनाव में भाजपा ने भारी मतों से जीत दर्ज की और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हुआ। इसके साथ ही 2 मार्च को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की मौजूदगी में नव निर्वाचित मेयर व 32 पार्षदों ने शपथ ली।

## महामाया पहाड़ को कराया गया कब्जा मुक्त

20 जनवरी 2025

महामाया पहाड़ पर किए गए कब्जे को लेकर वर्ष 2017 से चल रहे सर्वे और नोटिस की प्रक्रिया के बाद आखिरकार नए साल में बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान वन विभाग, पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम बुलडोजर लेकर बस्ती में घुसी और शाम तक 33 मकानों को जमीदोज कर दिया। अतिक्रमण के खिलाफ की गई इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया। इस दौरान अतिक्रमण कारी और प्रशासन आमने सामने भी आए लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी में टीम ने अवैध निर्माणों को ढहा दिया।





27 जून 2025

## ग्लैण्डर्स के कारण घोड़ों को दी गई इच्छा मृत्यु

सरगुजा में पहली बार दो घोड़ों में ग्लैण्डर्स नामक खतरनाक संक्रामक बीमारी की पुष्टि हुई है। शादी विवाह में उपयोग होने वाले दो अश्वों में इसके लक्षण नजर आने पर इनके सैम्पल लेकर राष्ट्रीय अश्व अनुशंधान केंद्र हिसार भेजा गया था। दोनों अश्वों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद विभाग और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। खतरनाक और लाइलाज बीमारी के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए मारने का निर्णय लिया गया। कलेक्टर की अनुमति मिलने के बाद पशुपालन विभाग के उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. आरपी शुक्ला के नेतृत्व में टीम अश्व पालक कमल धीवर के अस्तबल पहुंचे जहां और एसओपी का पालन करते हुए घोड़ों को भिट्ठीकला लाया गया और जहर का इंजेक्शन देकर मारा गया व पहले से खोदकर तैयार किए गए गड्ढों में प्रोटोकोल के तहत दफ़न किया गया ताकि ग्लैण्डर्स जैसी खतरनाक बीमारी का संक्रमण बाहर ना फैल सके।

## महत्वपूर्ण घटनाएं

**10 जनवरी** –प्रतापपुर विकासखंड के केरता में जमीन विवाद पर एक ही परिवार के तीन लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। जमीन विवाद पर आरोपियों ने खेत में काम कर रहे डुबकापारा निवासी 60 वर्षीय माघे टोप्पो, 53 वर्षीय बसंती टोप्पो और 31 वर्षीय नरेश टोप्पो पर लाठी डंडे से लैस लोगों ने हमला कर दिया। इस घटना में बसंती टोप्पो और नरेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि माघे टोप्पो ने उपचार के दौरान डीएम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद ने ट्रिपल मर्डर के मामले में एक साथ 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। संभवत: किसी प्रकरण में यह सबसे बड़ी गिरफ्तारी थी।

**2 फरवरी** – कुंभ मेला में शामिल होने जा रहे लोगों की कार यूपी के हाथीनाला रानीताली में ट्रक की चपेट में आकर हादसे का शिकार हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में बलरामपुर जिले के कोरंधा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक रवि मिश्रा समेत परिवार से सदस्य गोदावरी मिश्रा, अथर्व मिश्रा, प्रियंका मिश्रा तथा उक्त परिवार के घर काम करने वाली दुर्गा प्रजापति समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। वहीं लोक अदालत में इस प्रकरण का निराकरण कराया गया। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद 57 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा प्रदान कर महज 5 महीने में ही इस प्रकरण का निराकरण किया गया।

13 फरवरी– सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए चल रहे प्रयासों की कड़ी में एक नई उपलब्धि हासिल हुई। वर्ष 2019 से चल रही एमआरआई मशीन खरीदी और स्थापित करने की प्रक्रिया के बीच 14 करोड़ की लागत से खरीदी गई मशीन का उद्घाटन किया गया और आम लोगों को इसकी सुविधा मिलनी शुरू हुई। आज मेडिकल कॉलेज में बेहद कम खर्च में संभाग के मरीजों को 1.5 टेस्ला की विप्रो कंपनी की एमआरआई मशीन की सुविधा मिल रही है।

14 जून– शहर से लगे रनपुर खुर्द चोरका कछार में वन विभाग और जिला प्रशासन की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई। शहर के तकिया ग्राम से लगे रिजर्व फारेस्ट की जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए मकानों को राजस्व विभाग और वन अमला ने बुलडोजर चलाकर जमीदोज कर दिया। सैकड़ों की संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर की गई कार्रवाई के दौरान कुल 39 घरों को तोड़ा गया है।




26 अक्टूबर 2025

## मन की बात में गार्बेज कैफे


देश और दुनिया में स्वच्छता प्रबंधन में अपनी पहचान बनाने वाले नगर निगम के गार्बेज कैफे ने एक बार फिर से देश भर में शहर का मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को प्रसारित मन की बात में प्लास्टिक कचरे से मुक्ति के लिए शुरू किए गए नवाचार गार्बेज कैफे की सराहना की है। प्लास्टिक कचरे के बदले भरपेट भोजन और नाश्ता उपलब्ध कराने की सुविधा का पीएम ने जिक्र किया है। प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए 9 अक्टूबर 2019 को नगर निगम ने शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में गार्बेज कैफे की शुरुआत की थी। एक किलो प्लास्टिक कचरा लेकर आने पर भरपेट भोजन और आधा किलो प्लास्टिक कचरा लेकर आने पर नाश्ता दिया जाता है।

23 दिसम्बर–2025

## ब्लड बैंक को मान्यता सेपरेटर की अनुमति

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के ब्लड बैंक ने इस बार दो बड़ी सफलताएं हासिल की। 23 अगस्त को मेडिकल अस्पताल के ब्लड बैंक को फिर से पांच साल तक ब्लड बैंक के संचालन की अनुमति मिल गई है। अस्पताल प्रबंधन को सीडीएससीओ दिल्ली द्वारा वर्ष 2028 तक के लिए लाइसेंस जारी किया गया। इस लाइसेंस के जारी होने के बाद अब अस्पताल में ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर के मान्यता का रास्ता भी साफ हुआ और 23 दिसम्बर को प्रदेश सरकार की ओर से मेडिकल कॉलेज को ब्लड सेपरेशन की अनुमति और मान्यता प्रदान की गई जिसके बाद अब कॉलेज प्रबंधन पूर्व में खरीदी गई मशीनों से ब्लड के कंपोनेंट को अलग कर उसका उपयोग कर सकता है और इसका सीधा लाभ संभाग के मरीजों को मिलेगा।





3 दिसम्बर2025

## जमीन के लिए ग्रामीणों का खूनी संघर्ष

अमेरा खुली खदान के विस्तार को लेकर चल गतिरोध ने आखिरकार खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। एसईसीएल को कोयला उत्खनन के लिए अपनी जमीन देने का विरोध कर रहे ग्राम परसोडी कला ग्रामीण बुधवार को उग्र हो गए। कब्जा खाली कराने पहुंची पुलिस व प्रशासनिक टीम पर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया और जमकर पत्थरबाजी की। इस पत्थरबाजी मे अपर कलेक्टर, एएसपी सहित अन्य अधिकारी, पुलिसकर्मी घायल हुए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से भी पत्थर चलाने के साथ ही आंसू गैस के गोले छोड़े गए और लाठी भांजी गई। इस जवाबी कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। इस घटना के बाद प्रदेश भर में हंगामा मचा और कांग्रेस व आम आदमी पार्टी ने इस घटना के बाद सरकार पर हमला बोला। वहीं इस घटना के बाद पुलिस ने 200 से अधिक लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप



### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कार्यकर्ताओं ने किया गर्मजोशी के साथ स्वागत

**बिश्रामपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कोयलांचल समेत आसपास इलाके में आज मंगलवार को जगह जगह कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। गौरतलब है कि मंगलवार को एआईसीसी के महासचिव व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कालीघाट में यूकां भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार,सिलफिली में कंवलबिहारी सिंह टेकाम व रूपदेव कुशवाहा,पार्वतीपुर में पूर्व सरपंच संतलाल,जयनगर में वेद प्रकाश मिश्र व मो.शमीम पलिहा,बिश्रामपुर में पार्षद संजीत यादव, पचीरा टोल प्लाजा के पास अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में भव्य आतिशबाजी व शैला सुगा से कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया, इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ पूर्व मंत्री अमरजीत भगत व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों ने सुनी मन की बात




**अम्बिकापुर।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया। यह कार्यक्रम आकाशवाणी, दूरदर्शन के सभी चैनलों तथा प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सजीव प्रसारण के माध्यम से सुना गया। जिले के 600 से अधिक बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों ने सामूहिक रूप से मन की बात का श्रवण किया। जिले के विभिन्न मंडलों में जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसी क्रम में राजपुर मंडल में भारत सिंह सिसोदिया एवं रामकुमार टोप्पो, महामाया मंडल में ललन प्रताप सिंह एवं महापौर मंजूषा भगत , समलाया में हरपाल सिंह भामरा एवं निलेश सिंह, अम्बिकापुर ग्रामीण में निश्चल प्रताप सिंह एवं मधु चौदहा, लखनपुर में विद्यानंद मिश्रा एवं अनिल तिवारी, कुन्नी में राजेन्द्र जायसवाल एवं अनिल प्रताप सिंह, बतौली में विनोद हर्ष, महेंद्र सिंह एवं डीके पुरिया, मैनपाट में अनिल सिंह मेजर एवं विजय व्यापारी अतिथि के रूप में शामिल रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में वर्ष 2025 को भारत के लिए गौरवशाली बताया। ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। प्रधानमंत्री ने युवा शक्ति को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन जैसे मंचों के माध्यम से नवाचार, स्टार्टअप तकनीक और कृषि में युवाओं की भागीदारी को प्रेरणादायक बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2026 के लिए देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए फिट इंडिया मूवमेंट से जुड़ने नियमित व्यायाम करने और नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### भारतीय किसान संघ सात सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बलरामपुर।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिलाध्यक्ष राम नरेश कुशवाहा के नेतृत्व में संघ ने कलेक्टर से मुलाकात की और अपनी सात सूत्रीय मांगों से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने मांग की है कि रकबा त्रुटि सुधार के लिए मंडी में ही जिम्मेदार अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाए। 40.700 किलो के स्थान पर 41.200 किलो धान लेना तुरंत बंद हो। प्रतिदिन खरीदी की सीमा 4000 से बढ़ाकर 5000 क्विंटल की जाए। धान पलटी के नाम पर 10-15 रुपये प्रति बोरी की वसूली बंद हो। बारिश से प्रभावित (हल्के बदरंग) धान को भी खरीदा जाए। किसानों को समय पर टोकन मिले और उनकी फसल खरीदी सुनिश्चित हो। मंडियों में किसानों के लिए बुनियादी सुविधाओं और फसल सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों। संघ ने 7 जनवरी तक इन समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन व चक्का जाम की चेतावनी दी है। इस दौरान जिला मंत्री बिपिन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष संतलाल सिंह, गौतम सिंह, राममनोहर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### क्षेत्र में दो अलग अलग कार्रवाई में 134 बोरी धान जब्त



**राजपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी देवेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में विकासखण्ड राजपुर अंतर्गत 24 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम कोदौरा में अवैध धान परिवहन की सूचना मिलने पर मौके में पहुंच कर 24 बोरी अवैध धान सहित 1 ट्रैक्टर जप्त कर मण्डी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जब्त धान को चौकी डौरा को सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार ग्राम कोटीडीह में कृषक प्रदीप गुप्ता के घर में 110 बोरी अवैध धान भण्डारित करके रखा गया था जिसे जब्त किया गया। इस दौरान तहसीलदार नरेन्द्र कुमार कवर, श्रीमती कावेरी मुखर्जी सहित संयुक्त टीम मौजूद रही। गौरतलब है कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने तथा अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### घने जंगल के बीच झरना देखने आसपास क्षेत्र से पहुंचने लगे है लोग

# बलरामपुर सीमा पर स्थित दनगरी का प्राकृतिक जलप्रपात बना पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र


हरिभूमि न्यूज ▶▶ शंकरगढ़

**खास बात**

- क्षेत्र के लोगों ने की स्थल का समुचित विकास की मांग

शंकरगढ़ से लगभग 18 किलोमीटर की दूर जशपुर और बलरामपुर ज़िले की सीमा स्थित ग्राम पंचायत दनगरी में एक अत्यंत मनोहारी और प्राकृतिक जलप्रपात स्थित है। यह जलप्रपात अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और हरियाली के कारण क्षेत्रवासियों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह झरना घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच स्थित है, जहां का दृश्य मन को शांति प्रदान करता है। बारिश के मौसम में इसकी सुंदरता और भी बढ़ जाती है। ऊँचाई से गिरता पानी दूधिया धाराओं के रूप में बहता हुआ दिखाई देता है। आसपास फैली हरियाली, पक्षियों की चहचहाहट और प्राकृतिक वातावरण इसे पिकनिक और पर्यटन के लिए एक आदर्श स्थल बनाते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक छुट्टियों और नए साल के आगमन के दौरान यहां बड़ी संख्या में लोग परिवार और मित्रों के साथ पिकनिक मनाने आते हैं। अपार संभावनाओं के बावजूद जलप्रपात को अब तक प्रशासनिक स्तर पर वह पहचान और सुविधाएं नहीं मिल सकी जितना मिलना चाहिए था। झरने तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क, संकेतक बोर्ड, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा और प्राथमिक उपचार जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इसके कारण कई बार पर्यटकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है बावजूद इसके लोग परिवार के साथ प्राकृतिक सौंदर्य देखने आते है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन इस स्थल का समुचित विकास करें और इसे एक पर्यटन स्थल के रूप में चिन्हित करे तो न केवल इसकी सुंदरता में वृद्धि होगी बल्कि क्षेत्र के लोगों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। छोटे व्यवसाय, चाय-नाश्ते की दुकानें, स्थानीय हस्तशिल्प और गाइड सेवाएं शुरू होने से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है।



दनगरी जलप्रपात।

#### पर्यटन स्थल के रूप में हो सकता है विकसित

विशेषज्ञों का मानना है कि जलप्रपात का विकास पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए, ताकि इसकी प्राकृतिक पहचान बनी रहे। यदि सुनियोजित तरीके से सौंदर्यीकरण, सुरक्षा व्यवस्था और प्रचार-प्रसार किया जाए तो यह स्थल भविष्य में जशपुर–बलरामपुर क्षेत्र का प्रमुख पर्यटन केंद्र बन सकता है। क्षेत्र के लोगों और पर्यटकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि दनगरी ग्राम पंचायत में स्थित जलप्रपात के संरक्षण और विकास की दिशा में कदम उठाए तो यह प्राकृतिक धरोहर न केवल क्षेत्र की पहचान बनेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर भी एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करेगी।

#### सड़क निर्माण की मांग

गांव की सड़क समस्या को लेकर सरपंच मोहन राम ने बताया कि यदि सड़क बन जाती है तो बरसात के मौसम में परेशानी नहीं होगी। बालेश्वर यादव ने बताया कि बारिश के दौरान जलभराव और कीचड़ से आवागमन बाधित होता है, जिससे ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## भटगांव विस क्षेत्र अंतर्गत 150.56 करोड़ की लागत से बनेंगी 33 सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर



- कैबिनेट मंत्री के प्रयासों से मिली प्रशासनिक स्वीकृति

भटगांव विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मी राजवाड़े के सतत प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए क्षेत्र में 150.56 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस स्वीकृति के तहत भैयाथान एवं ओड़गी विकासखंड के ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में आवागमन सुविधा को सशक्त किया जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर संपर्क मार्ग उपलब्ध हो सकेंगे। जारी स्वीकृति आदेश के अनुसार भटगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल 33 सड़कों का निर्माण एवं उन्नयन किया जाएगा। इनमें वे मार्ग भी शामिल हैं, जिनकी मांग क्षेत्रवासी लंबे समय से कर रहे थे। इन सड़कों के निर्माण से सुदूर वनांचल क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मुख्य मार्गों से जुड़ सकेगी।

स्वीकृत कार्यों में प्रमुख रूप से- ओड़गी नवाटोला रोड (8.20 किमी से धुईडीह पंडोपारा)-28.99 करोड़ रुपये, भवरखोह से जमड़ी मार्ग - 9.50 करोड़ रुपये, खोंड नवापारा से केसर मार्ग - 8.73 करोड़ रुपये, माड़र से भाड़ी नवापारा मार्ग -8.38 करोड़ रुपये, भैयाथान ब्लॉक में भौराही देवालय से शिवपुर मार्ग, सहित अन्य महत्वपूर्ण सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। 150.56 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत ये सड़कें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगी। किसानों, छात्रों एवं आम नागरिकों को आवागमन में हो रही समस्याओं से राहत मिलेगी। सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराये जाएंगे।

## पलक झपकते ही युवक ले उड़ा ई-रिक्शा, लोगों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर सहित सामने चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा। अस्पताल परिसर से अक्सर बाइक,स्कूटी की चोरी होती थी लेकिन अब चोर ई-रिक्शा को भी हाथ साफ करना शुरू कर दिया है। आज दिन दहाड़े युवक ने पलक झपकते ही ई-रिक्शा को ले उड़ा हालांकि घटना के लगभग एक घंटे बाद लोगों ने युवक को पकड़ पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार ठाकुरपुर रेलवे स्टैशन समीप निवासी वीरेन्द्र सिंह आ. मलखान सिंह (55 वर्ष) अपनी पत्नी माधवी सिंह के नाम पर पंजीकृत ई-रिक्शा को लेकर अक्सर यात्री की तलाश में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने खड़ा रहता था। हर रोज की भांति मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे रिक्शा में चाबी लगा छोड़कर पास में ही कुछ काम से



गया था, इधर पल भर में एक युवक रिक्शा को लेकर भागने लगा। जिसे देख दूसरे ऑटो से पीछा किया लेकिन युवक मणिपुर स्कूल के सामने गली की ओर से भाग निकला। दिन दहाड़े ई रिक्शा चोरी होने की सूचना वीरेन्द्र सिंह ने अस्पताल के पुलिस सहायता केन्द्र एवं परिजन को दी। कुछ समय बाद संगम चौक के पास रिक्शा से साथ युवक को पकड़ लिया गया और पुलिस के सौंप दी।

## सरगुजा में बढ़े 5 गुना विद्युत उपभोक्ता सिंचाई पंपों में हुई 10 गुना वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

सरगुजा जिले में विगत 25 वर्षों में तेज गति से विद्युत अधोसंरचना का विकास हुआ है। वर्ष 2000 में सरगुजा जिले में बलरामपुर तथा सूरजपुर जिला भी शामिल थे जिसका भौगोलिक क्षेत्रफल 18025.3 वर्ग किलोमीटर था। छत्तीसगढ़ पॉवर ड्रिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा वर्ष 2012 जनवरी में दो नये जिले बनाए गए जिसके कारण सरगुजा जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल घटकर 5,732 वर्ग किलोमीटर हो गया। विद्युत आपूर्ति की निरंतरता और विश्वसनीयता के कारण जिले में अपभोक्ताओं की संख्या 29,117 से बढ़कर अब 2,08264 हो गई है। विद्युत कनेक्शन 33.913 से बढ़कर 1,71,977 एवं पम्प उपभोक्ताओं की संख्या 1166 से बढ़कर 10,818 हो गई है। पिछले 25 वर्षों में सरगुजा के विद्युत उपभोक्ताओं में 510 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। विद्युत आपूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने विद्युत अधोसंरचनाओं का विस्तार एवं मैदानी अमले को तैयार किया है।

विगत 25 वर्षों में सरगुजा जिले में 132/33 केवी उपकेंद्रों की संख्या 1 से बढ़कर 3 हो गई है। इसी प्रकार 33/11 केवी उपकेंद्रों की संख्या 5 से बढ़कर 35, पॉवर ट्रांसफार्मरों की संख्या 8 से बढ़कर 60 हो गई। वितरण ट्रांसफार्मरों की संख्या 772 से बढ़कर 6747 हो गई है। उच्चदाब लाइनों की लंबाई 1,692 किलोमीटर से बढ़कर 5118.13 किलोमीटर तथा निम्नदाब लाइनों की लम्बाई 1308 से बढ़कर 8499 किमी हो गई है। मजराटोला की संख्या 1,224 से बढ़कर 3,547 हो गई है, इस प्रकार सरगुजा जिले में विगत 25 वर्षों में तेजी से विद्युत विकास कार्यों से लाखों उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। सरगुजा जिले में कुल उपभोक्ता 5 गुना और सिंचाई पंप 10 गुना बढ़े हैं जिसके लिए 3 जोन और 16 वितरण केंद्रों का निर्माण कर कुल 3,91,059 उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है एवं ग्रामों का विद्युतीकरण शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

## मासूम ने बिस्किट समझ कर खा लिया चूहा मार दवा, मौत

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घूचापुर निवासी अजय सिंह का 3 वर्षीय पुत्र गितांशु सिंह 24 दिसम्बर की शाम को घर में खेल रहा था। इस दौरान घर में चूहा मारने के लिए रखे दवा को बालक ने बिस्किट समझ कर चबाने लगा जिसे देख परिजन ने बच्चे के मुंह से चूहा मार दवा को निकाला। इस बीच बच्चे की स्थिति सामान्य थी लेकिन कुछ घंटे बाद देर रात 11 बजे जब मासूम उल्टी करने लगा परिजन उसे उदयपुर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां जांच के बाद चिकित्सक ने बच्चे को भर्ती कर लिया और बेहतर उपचार के लिए अगले दिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान 29 दिसम्बर की शाम मासूम की मौत हो गई।

## एक पखवाड़े के बाद भी महिला के हत्यारे का नहीं चला पता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रतापपुर

चंदौरा थाना क्षेत्र के पहिया–घाट पेंडारी जंगल में महिला की हत्या करने के मामले में एक पखवाड़े के बाद भी हत्यारे का पता नहीं चला सका। घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने से क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

कुछ दिन पूर्व जंगल के भीतर खून से लथपथ, क्षत-विक्षत हालत में महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी। प्रारंभ में मृतिका की पहचान नहीं होने से मामला और भी गंभीर हो गया। इस मामले में चंदौरा थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि मृत महिला की पहचान दूरती गांव निवासी रानिया (50 वर्ष) के रूप में हुई है। रानिया दूरती गांव से डोमहत गांव में अपने रिश्तेदारों के यहां आती-जाती थी। इसी दौरान वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। बाद में फोटो और वीडियो वायरल होने के बाद महिला की पहचान हो सकी। पुलिस के मुताबिक 14 दिसंबर को महिला की लाश जंगल से बरामद किया गया था।

सिर बुरी तरह कुचला हुआ था, जिससे हत्या की नृशंसता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पोस्टमार्टम के बाद लाश को प्रतापपुर अस्पताल में रखा गया, लेकिन काफी समय तक परिजनों की पहचान न होने के कारण शव सड़ने की अवस्था में पहुंच गया जिससे पुलिस ने लाश को चीरघर के पास जंगल में दफन कर दिया। अब जबकि मृतका की पहचान हो चुकी है, पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी है। थाना प्रभारी के अनुसार, परिजन की मांग पर लाश को पुनः कब्र से निकाल कर दोबारा पोस्टमार्टम कर सौंपा जाएगा।

## एसपी के निर्देश पर संयुक्त टीम ने अवैध कोयला लोड ट्राला को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

- दो युवक हुए गिरफ्तार

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री खदान से संगठित रूप से चल रही कोयला तस्करी का मामला एक बार फिर उजागर हुआ है,पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले की साइबर टीम, बिश्रामपुर पुलिस एवं एसईसीएल सुरक्षा अमले की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कोयला लोड ट्राला वाहन को पकड़कर दो युवकों को हिरासत में लिया है।

संयुक्त टीम ने मंगलवार की सुबह तड़के कार्रवाई करते हुए कोयले की अफरा-तफरी में संलिप्त ट्राला वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 4616 को जब्त किया है। जिसमें





पुलिस गिरफ्त में आरोपी, ज्बत ट्राला।

लगभग 35 टन कोयला लोड होना बताया गया है,बिश्रामपुर पुलिस द्वारा मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है,प्राप्त जानकारी अनुसार एसईसीएल के गायत्री खदान से बड़ी संख्या में ग्रामीण युवकों द्वारा बाइक के माध्यम से दिन-रात कोयला चोरी की जा रही है,बीते करीब दो माह से ईंट भट्ठों की आड़ में खदान से चुराए गए कोयले की खुलेआम खरीद-फरोख्त की जा रही है,तस्कर खदान के आसपास ईंट भट्ठे संचालित कर कोयले की खरीदी करते हैं, जिसे रात्रि में बड़े वाहनों में लोड कर करंजी चौकी क्षेत्र सहित अन्य स्थानों के ईंट भट्ठों में खपाया जाता है,वहीं से कोयला बाहर सीमावर्ती जिलों में भी भेजा जाता है। बताया गया कि ग्राम मानी एवं महंगई क्षेत्र से चोरी के कोयले का परिवहन किए जाने की पुख्ता मुखबिर सूचना एसएसपी प्रशांत ठाकुर को मिली,सूचना के बाद एसएसपी ने तत्काल साइबर सेल एवं बिश्रामपुर पुलिस को अलर्ट किया,इसी दौरान गश्त पर निकले सुरक्षा अमले ने ग्राम कुरवां होते हुए बिश्रामपुर की तरफ आ रहे संदिग्ध ट्राला वाहन को रोका और दस्तावेजी जांच उपरान्त उसे बिश्रामपुर थाना परिसर में खड़ा कराया,पुलिस ने वाहन चालक रामायण यादव पिता रामप्रसाद यादव (27 वर्ष),निवासी केनापारा चौकी करंजी एवं प्रताप सिंह पिता गंगा राम (22 वर्ष), निवासी लैंगा को हिरासत में लिया है,दोनों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर

- कार्यालयों में कामकाज रहे ठप



छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। कार्यालयों में आज भी सन्नाटा पसरा रहा। फेडरेशन अपने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिन का पूर्ण कामबंद और कलमबंद आंदोलन करने का ऐलान किया है। दूसरे दिन बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी आंदोलन स्थल डटे रहे। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार कर्मचारी अधिकारी को लगातार उपेक्षित कर रहा है।

पूर्ववर्ती सरकार जिस रास्ते पर चल रही थी,उसी रास्ते पर वर्तमान सरकार भी अग्रसर है। फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ.आरएस सिंह ने बताया कि आंदोलन में कर्मचारियों की उपस्थिति उनके आक्रोश को दर्शा रहा है। दूसरे दिन कार्यालयों में तालाबंदी की स्थिति है। आंदोलन सांकेतिक रूप से तीन दिवस का ही है। सरकार हमारी मांगों पर सकारात्मक निर्णय ले। आंदोलन के अंतिम दिवस व वर्ष के अंतिम दिवस रैली निकाली जाएगी। फिर भी सरकार मांगों पर विचार नहीं करती है तो आने वाले नववर्ष में प्रदेश के समस्त अधिकारी कर्मचारी कार्यालयों में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएगे। आंदोलन में फेडरेशन के प्रतिमा सिंह, इकबाल अंसारी, सचिन त्रिपाठी, निर्मल भट्टाचार्य, आदित्य शर्मा, आदेश रवि,अनुरंजन सिंह, विजय पैकरा, मनीष दीपक साहू, गोपाल विश्वकर्मा, राधेश्याम साहू ,रमेश राजवाड़े,ज्योति साधना, विन्देश माया शर्मा, ममता मण्डल, राजकुमार सिंह, कमलेश यादव, प्रदीप सिंह, महावीर ठाकुर, रामनिवास साहू, कृष्णा सोनी, सतीश प्रताप, राकेश संकराज, अशोक सोनवानी, आरबी.शुक्ला, विनोद रवि, नागेन्द्र यादव, धीरेंद्र उपाध्याय, वेदप्रकाश मेहता, संदीप रवि, रवि पैकरा, एनी मंजू , परमेश्वरी सिंह, प्रीति तिग्गा, शशि बेक, सीता रवि सहित अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## बकरी चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा

**अम्बिकापुर।** घर के सामने बांधे बकरी को चारी कर बाइक सवार भागने लगा। चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम गोरगी ढेलमेलापारा निवासी मान साय आ. रामनाथ (33 वर्ष) रविवार को घर के साथ बकरी को बांधा था। इसी दौरान खड़गवां अंतर्गत ग्राम जगन्नाथपुर निवासी मो. तसलीम आ. मो. इस्माइल बाइक क्रमांक सीजी 29 एडी 6134 से पहुंचा और घर के सामने बांधे बकरी को चोरी कर भागने लगा। घटना की जानकारी लगते ही बकरी मालिक सहित गांव के लोगों ने बाइक सवार का पीछा कर ग्राम पंचायत देवरी में घेराबंदी कर पकड़ा। इसी बीच बकरी का पैर घीसटने से दोनों पैर टूट गया। मान साय की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2), 325 के तहत अपराध दर्ज किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736